**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–17.01.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में 2024 के राष्ट्रीय खेल पुरस्कार प्रदान किये। यह पुरस्कार पिछले चार वर्ष में खिलाडियों के शानदार और सर्वाधिक असाधारण खेल प्रदर्शन के लिए दिया जाता है। झारखंड की बेटी और भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे, एथलीट ज्योति यरराजी और अन्नू रानी, मुक्केबाज नीतू और स्वीटी, पैरा तीरंदाज राकेश कुमार सहित 32 खिलाडियों को अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का उद्घाटन किया। भारत मंडपम में आयोजित यह देश का सबसे बड़ा मोबिलिटी एक्सपो है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत में मोबिलिटी सेक्टर का दायरा लगातार बढ़ रहा है और यह क्षेत्र विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में महती भूमिका अदा कर रहा है।

*******************

सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डा. एल मुरुगन पश्चिमी सिंहभूम जिले में आकांक्षी जिला कार्यक्रम की समीक्षा कर रहे हैं। अपने तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन आज उन्होंने आईटीआई जगन्नाथपुर का निरीक्षण किया। उन्होंने केज फिशरीज–करंजिया का भी भ्रमण किया। डा. मुरुगन किरिबुरु स्थित सेल खदान का भी आज निरीक्षण करने वाले हैं। मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में हम तेजी से आगे बढ़ रहे हैं।

*******************

एक भारत–श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत आज उत्तराखंड के युवाओं ने रांची में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मुलाकात की। देशव्यापी युवा संगम कार्यक्रम के तहत आये इन युवाओं से राज्यपाल ने संवाद किया। युवाओं ने राजभवन का भ्रमण भी किया। मौके पर राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से युवाओं के दूसरे राज्यों की सांस्कृतिक और शैक्षणिक विरासत को समझने का मौका मिलता है।

*******************

गुमला जिले के बसिया प्रखंड के रामजरी गांव में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, रांची झारखंड द्वारा प्रायोजित कौशल उन्नयन योजना के तहत 50 दिवसीय डोकरा प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें 20 कारीगरों को प्रशिक्षित कर उन्नत टूल किट वितरित की गई। जिला समन्वयक ने डोकरा कला को ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण का माध्यम बताया।

*******************

सिमडेगा जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत कई कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सड़क सुरक्षा की जानकारी देकर जागरूक किया जा रहा है। और ब्यौरा के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

पश्चिमी सिंहभूम के गोईलकेरा थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने नक्सल विरोधी अभियान के तहत पुराने डंप को ध्वस्त किया। बोंगासिउ जंगल में मिले इस डंप से नक्सलियों की उपयोग की गई सामग्री बरामद की गई। पुलिस अधीक्षक ने डंप को जब्त और नष्ट करने की जानकारी दी।

*******************

जामताड़ा जिले में भव्य कलश यात्रा के साथ तीन दिवसीय मां चंचला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। हजारों महिलाओं और युवतियों ने पीले वस्त्र धारण कर श्रद्धा और भक्ति भाव से कलश यात्रा में भाग लिया। मुख्य यजमान वीरेंद्र मंडल ने जिलेवासियों की सुख–समृद्धि और शांति के लिए मां चंचला से प्रार्थना की।

********समाप्त********